## आवासीय पट्टों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अजमेर @ पत्रिका.** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष डॉ. द्रोपदी कोली के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। डॉ. कोली ने बताया कि 182 बीएसयूपी क्वार्टरों की लॉटरी खोली जानी थी। इसे तकनीकी कारणों से निरस्त किया गया। 48 कच्ची बस्तियां एडीए के अंतर्गत आती हैं। इनके आवासीय पट्टे जारी होने चाहिए। शहर की सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। दीपावली पर्व के चलते इनकी मरम्मत होनी चाहिए।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में उपविजेता



**अजमेर @ पत्रिका.** पिलानी के स्कूल में 75वें अधिवेशन के तहत अखिल भारतीय इतिहास परिषद हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।प्रतियोगिता में देश के 12 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।ऑनलाइन शिक्षण व्यवस्था के बढ़ते आयाम ने विद्यार्थियों की मूलभूत व रचनात्मक शक्तियों का ह्रास किया है। विषय पर प्रतिभागियों ने रोचक प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल उपविजेता रहा। अभिनव भारती एवं अक्षित सहित अन्य विद्यार्थी शामिल हुए। चल वैजयंती पुरस्कार का खिताब भी स्कूल को प्रदान किया गया। प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल अमरदीप सिंह ने स्वागत किया।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि शंकर का स्वागत



**अजमेर @ पत्रिका.** विश्व उपभोक्ता दिवस पर मार्बल मंडी किशनगढ़ में राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि शंकर शुक्ल का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय उपाध्याय राजस्थान प्रभारी अशोक झांझरी, महासचिव शालिनी राठौड़, उपाध्याय दिनेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ग्रामीण पवन सामारिया, शहर अध्यक्ष योगेन्द्र यादव, किशनगढ़ नगर अध्यक्ष नितेश ने माल्यार्पण किया। शुक्ला ने जागो ग्राहक जागो पोस्टर का लोकार्पण किया। साथ ही उपभोगता को जागरूक करने, शिकायत करने पर कार्रवाई की जानकारी दीठ।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान



**अजमेर @ पत्रिका.** लॉयंस क्लब अजमेर आस्था के वरिष्ठ सदस्य राकेश पालीवाल के मुख्य आथित्य में 68 वीं प्राथमिक जिला स्तरीय खेलकूद व साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। अजमेर जिले के अजमेर ग्रामीण,अजमेर शहरी क्षेत्र पीसांगन,अराई के विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। क्लब अध्यक्ष रूपेश राठी ने बताया कि संयोजक स्नेहलता शर्मा के संयोजन में 150 विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्तिपत्र और पुरस्कार दिए गए। पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष पदम चंद जैन ने संचालन किया।

## रेल मंत्री के नाम देंगे आज ज्ञापन

**अजमेर @ पत्रिका.** उत्तर पश्चिम रेल्वे के कर्मचारी परिषद के कारखाने के जोनल अध्यक्ष तरूण वर्मा और अन्य कार्मिक रेलवे चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अरूण कुमार को शुक्रवार को शाम 4 बजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम ज्ञापन देंगे। इसमें चिकित्सालय को दो शिफ्ट में संचालित करने की मांग की जाएगी। वर्मा ने बताया कि चिकित्सालय का समय कारखानों के समयानुसार निर्धारित किया गया था। इससे रेलकर्मियों को चिकित्सा सुविधा में आसानी होती थी।

## बोनस और मुद्दों की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अजमेर @ पत्रिका.** सेवानिवृत राज्य कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति की बैठक संरक्षक राधेश्याम गहलोत की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई। बैठक के बाद बोनस सहित अन्य मुद्दों पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

अध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि कर्मचारियों में की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए दीपावली पर बोनस स्वरूप दो-दो हजार रूपए स्वीकृत करने, 65वर्ष की आयु वर्ग के पेंशनर्स को अतिरिक्त पेंशन देने, राज्य कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत कर्मचारियों को आरजीएचएस के तहत आउट डोर में उपचार के लिए निर्धारित राशि को अनलिमिट करने सेवानिवृत कर्मचारियों को भी आरजीएचएस के तहत अपने माता-पिता को भी आरजीएचएस में जोडकर चिकित्सा सुविधा का लाभ देने, फूड सप्लीमेंट कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन जैसे जीवन रक्षक दवाईयों को पुनः शुरू करने जैसी मुख्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

**संभागीय आयुक्त बोले-** सामाजिक दबाव में किया जा रहा नशा, काउंसलिंग से रोकें

# युवाओं में नशे की बढ़ती लत भयावह, पुलिस महकमा रोकने में प्रयासरत-डीआइजी

### तंबाकू मुक्त यूथ 2.0 कैंपेन के तहत संभाग स्तरीय कार्यशाला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



अजमेर. कार्यशाला में संबोधित करते डीआइजी व मौजूद संभागीय आयुक्त व अन्य।

**अजमेर.** डीआईजी ओमप्रकाश ने कहा कि युवाओं में नशे की लत भयावह रूप लेती जा रही है। तंबाकू के साथ-साथ एलएसडी एवं कई तरीके के नशे आजकल की युवा पीढ़ी द्वारा किए जा रहे हैं जिन्हें रोकने के लिए पुलिस महकमा हमेशा से प्रयासरत रहा है। कोटपा अधिनियम के तहत पुलिस के द्वारा चालान की कार्रवाई की जा रही है। राजस्थान के सभी पुलिस ट्रेनिंग संस्थान तंबाकू मुक्त किए जा चुके हैं। वे गुरुवार को अजमेर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अजमेर एवं तंबाकू मुक्त यूथ 2.0 कैंपेन के अंतर्गत आयोजित संभाग स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। संभागीय आयुक्त महेश चंद शर्मा ने बताया कि युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है।

इसका कारण सामाजिक दबाव, दोस्तों के साथ घुलने-मिलने या 'कूल' दिखने के प्रयास में कई युवा तम्बाकू का सेवन शुरू कर देते हैं। व्यस्त जीवनशैली और पढ़ाई या करियर से जुड़े दबाव के कारण युवा तनाव का सामना करते हैं और इसे कम करने के लिए तम्बाकू का सहारा लेते हैं। जागरूकता कार्यक्रम और काउंसलिंग सेवाएं भी नशा मुक्ति के लिए मददगार साबित हो सकती हैं। अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त निदेशक (जोन) डॉ. एस.एस. जोधा ने कहा कि तंबाकू के सेवन से कई बीमारियां हो रही हैं। तंबाकू में कैंसरजनक तत्व होते हैं, जो मुंह, गले, और पेट के कैंसर का कारण बन सकते हैं। तंबाकू चबाने से पेट की समस्याएं, जैसे गैस्ट्रिक अल्सर और एसिडिटी बढ़ सकती है। सांस लेने में दिक्कत, दमा, और फेफड़ों की अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। निदेशालय के स्टेट कंसल्टेंट नरेंद्र सिंह सिंह द्वारा तंबाकू मुक्त यूथ कैंपियन 2.0 के बारे में विस्तार से बताया। एसआरकेपीएस के डायरेक्टर राजन चौधरी मौजूद रहे। इसमें अजमेर संभाग के सातों जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व तंबाकू प्रकोष्ठ के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**काढ़ा वितरण आज : पुष्कर.** पुष्कर के राजकीय आयुर्वेद औषधालय (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) की ओर से मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर शुक्रवार को प्रातः 9 बजे प्रज्ञा स्कूल गायत्रीशक्तिपीठ में तथा 10 से 12 बजे तक औषधालय में निशुल्क क्वाथ वितरण किया जायेगा। यह जानकारी चिकित्साधिकारी ने दी है।

## महिलाओं को दी स्वास्थ्य की जानकारी

**अजमेर @ पत्रिका.** दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवामहिला संभाग की गोधा गवाड़ी ईकाई, दिगम्बर जैन महासमिति के तत्वावधान में गुरुवार को जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन गया। महिलाओं को मासिक धर्म और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी गई। इकाई अध्यक्ष शशि जैन ने बताया कि जैन औषधालय में सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया। शुभदा विमंदित पुनर्वास केन्द्र कोटड़ा में भी छात्राओं नेपकिन वितरित किए गए। जैन औषधालय कमेटी के अध्यक्ष दिनेश पाटनी, मंत्री कमल सोगानी,इकाई अध्यक्ष शशि जैन, निर्मल गंगवाल,राजा झांझरी, वैद्याचार्य राघवेंद्र महर्षि और अन्य ने सहयोग दिया।

## पोषण और व्यक्तिगत स्वच्छता पर व्याख्यान



**अजमेर @ पत्रिका.** लॉ कॉलेज में राज्य महिला नीति के तहत गुरुवार को कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत डॉ. महिपालसिंह लामरोर ने पीसीपीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी। डॉ. नीलम चौधरी ने सामाजिक विकास में महिलाओं के योगदान के बारे में बताया। हर्षिता सेन, समीर, यामिनी, संजय बुगालिया ने भी विचार व्यक्त किए गए। डॉ. रेनु गहलोत ने भोजन में पोषक तत्वों और डॉ. कामिनी रारिया ने व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व बताया। आशीष धुन्ना ने राज्य सरकार की छात्राओं से जुड़ी छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता डॉ. आशीष वर्मा ने की। संचालन गोपाल कृष्ण पुरोहित ने किया।


भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**लीज / किराये पर आवश्यकता है**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सिविल एन्क्लेव, जोधपुर को सीआईएसएफ बैरक आवास हेतु जोधपुर में (एयरपोर्ट से 5 किमी के अंदर को प्राथमिकता) लगभग 3000 वर्गमीटर क्षेत्र वाले आवासीय परिसर की आवश्यकता है। इच्छुक पार्टी विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिन में कोटेशन जमा करें या **vijo.cso@aai.aero** पर ई–मेल करें। अन्य जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7726903149 पर सम्पर्क करें।

-विमानपत्तन निदेशक



**पॉवरग्रिड भाडला–III ट्रांसमिशन लिमिटेड**
(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
बी–9, कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016

**सूचना**

**(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप–धारा (2) के तहत)**

1. **पॉवरग्रिड भाडला–III ट्रांसमिशन लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित,** जिसका पंजीकृत कार्यालय **बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016 है,** ने केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग नई दिल्ली के समक्ष पारेषण लाइनों, सब–स्टेशनों और अन्य संपत्तियों के संबंध में पारेषण लाइसेंस देने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप–धारा (1) के तहत एक आवेदन किया है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

| क्र. सं. | पारेषण परिसंपत्तियों और स्थान का नाम | लाइन की लंबाई / क्षमता | अनुमानित समापन लागत | अनुसूची सीओडी (जोड़ने के मामले में) | टिप्पणियाँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 765 / 400 / 220 केवी भाडला–III पीएस पर मेसर्स रिन्यू सोलर (शक्ति सिक्स) प्राइवेट लिमिटेड के इंटरकनेक्शन के लिए 01 नग 400 केवी लाइन बे का कार्यान्वयन। | 1 नग 400 केवी बे | ₹ 13.37 करोड़ | 31.03.2026 | विनियमित टैरिफ तंत्र के तहत लागू किया जाना है |

2. आयोग के समक्ष दायर पूरा आवेदन और अन्य दस्तावेज सभी की पहुंच के लिए पॉवरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.powergrid.in@subsidiaries** पर उपलब्ध हैं। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के कार्यालय–द्वारा ईडी (टीबीसीबी), पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर–29, गुड़गांव–122001 में श्री के के चौधरी, परियोजना प्रभारी पावरग्रिड भाडला–III ट्रांसमिशन लिमिटेड या आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आयोग के कार्यालय में भी किया जा सकता है।
3. आपत्तियां या सुझाव, यदि कोई हों, समाचार पत्र में नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट को आपत्ति(ओं) / सुझाव(ओं) की एक प्रति के साथ सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टावर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029 के समक्ष दाखिल किए जाएं।

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक: 18.10.2024

परियोजना प्रभारी,
पॉवरग्रिड भाडला–III ट्रांसमिशन लिमिटेड

PG/CC/Notice-100(SPV)Reg.Cell/Advt-133/24-25/Sanket



**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल**
**Indian Institute of Science Education and Research Bhopal**

Advt. No.: NT-01/2024 Date: 18.10.2024

**Recruitment for Non-Teaching Positions on Direct Recruitment / Deputation / Short-Term Contract**

The Indian Institute of Science Education and Research Bhopal, an Institute of National Importance, established by the Ministry of Education, Govt. of India is committed to foster quality Education and Research. The Institute is looking for dedicated and committed citizens of India to fill up the following vacancies on Direct Recruitment / Deputation (with a provision for subsequent absorption) / Short-Term Contract.

**Details of vacancies:**

| S. No. | Name of the Post(s) | Pay Level | Group | No. of Vacancies | | | | | | PwBD# |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | SC | ST | OBC (NCL) | UR | EWS | Total | |
| 1. | Deputy Registrar | 12 | A | - | - | - | 1 | - | 1 | 2-PwBD [Sub-categories: a & b] |
| 2. | Deputy Librarian | 12 | A | - | - | - | 1 | - | 1 | |
| 3. | Executive Engineer (Civil/Electrical) | 11 | A | - | - | - | 1 | - | 1 | |
| 4. | Assistant Registrar | 10 | A | - | - | - | - | 1 | 1 | |
| 5. | Sports Officer | 10 | A | - | - | - | 1 | - | 1 | |
| 6. | Medical Officer | 10 | A | - | - | 1 | - | - | 1 | |
| 7. | Senior Superintendent | 7 | B | - | - | 1 | - | - | 1 | 2-PwBD [Sub-categories: a & b] |
| 8. | Physical Education Instructor | 7 | B | - | - | - | 1 | - | 1 | |
| 9. | Counselling Superintendent | 7 | B | - | - | - | 1 | - | 1 | |
| 10. | Junior Engineer (Civil) | 6 | B | 1 | - | - | - | - | 1 | |
| 11. | Junior Library Superintendent | 6 | B | - | - | - | 1 | - | 1 | |
| 12. | Junior Technical Assistant | 5 | C | - | - | - | - | 1 | 1 | 1-PwBD [Sub-categories: b] |
| 13. | Junior Office Assistant (MS) | 4 | C | - | - | - | 1 | - | 1 | |
| 14. | Junior Assistant (MS) | 3 | C | 1 | - | 1 | 5 | - | 7 | |
| 15. | Lab Assistant | 3 | C | 1 | 1 | - | 4 | - | 6 | |
| 16. | Attendant | 1 | C | 1 | - | - | 4 | - | 5 | |
| | Total: | | | 4 | 1 | 3 | 21 | 2 | 31 | |

#PwBD: The candidature of PwBD will be considered as per the rules. However, preference will be given to PwBD candidates falling under SC/ ST/ OBC (NCL)/ EWS/ UR categories.

For full advertisement with details of qualifications, experience etc. as per Uniform Recruitment Rules of IISERs **(Part-A)**, General Terms and Conditions **(Part-B)** and submission of application through online mode, please visit the Institute's website (Recruitment portal) **http://iiserb.ac.in/join_iiserb**.

**Important Dates**

| | |
|---|---|
| Opening date for submission of **online** application: | Date: 18.10.2024 |
| Last Date & Time of closing of Registration and submission of online application | Date: 11.11.2024 |
| Last date of receipt of applications at IISER, Bhopal **(Hard Copy)** | Date:18.11.2024 by **5:00 P.M.** |
| The crucial date for determining age/qualification/experience | Date: 11.11.2024 |

**Note:** Any corrigendum/changes/updates shall be made available only on the Institute's website (Recruitment portal) http://iiserb.ac.in/join_iiserb. The candidates are advised to check the website on a regular basis for updates, if any.

**REGISTRAR (I/C)**



**राइट्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम) सी.आई.एन. नं. L74899DL1974GOI007227
शिखर, प्लॉट नं. 1, सेक्टर–29, गुड़गांव – 122001

राइट्स कार्यालय, गुरूग्राम / ऑनलाइन 23.10.2024 से 24.10.2024 को आयोजित होने वाले साक्षात्कार के माध्यम से व्यक्तिगत सलाहकार की आवश्यकता

| वीसी सं. | पद (व्यक्तिगत सलाहकार) | रिक्तियां |
|---|---|---|
| YP/61/24 | वरिष्ठ गुणवत्ता नियंत्रण इंजीनियर (वरि. क्यूसीई) | 02 |

आवेदन करने का तरीका, पद, वेतनमान, योग्यता, आयु, तिथि एवं स्थान, चयन प्रक्रिया आदि से संबंधित विवरण के लिए उम्मीदवार राइट्स वेबसाइट **www.rites.com** के अंतर्गत Career Section पर दिये गये विस्तृत विज्ञापन को देख सकते हैं।



**IL&FS REQUEST FOR PROPOSAL**

**SALE OF APPROXIMATELY 56.80 ACRES OF LAND HELD BY INFRASTRUCTURE LEASING & FINANCIAL SERVICES ("IL&FS") GROUP**

Proposals are invited for the sale freehold land parcel (**"Land Parcel(s)"**), owned and held by **Rajasthan Land Holding Ltd (RLHL)**, and its wholly owned subsidiaries **Devika Build Estate Pvt. Ltd.** and **Chirayu Kath Real Estate Private Limited (CKREPL)** and managed by Infrastructure Leasing & Financial Services Limited (**"IL&FS"**) as mentioned below:

| Sr. No. | Owner | Location | Inventory Details |
|---|---|---|---|
| 1. | Devika Build Estate Pvt. Ltd. and Rajasthan Land Holding Ltd (RLHL) | Village, Khatoli, Kishangarh (Rajasthan) | Approx. 27.37 acres |
| 2. | Chirayu Kath Real Estate Private Limited (CKREPL) & RLHL | Village Gajika, District Alwar (Rajasthan) | Approx. 29.42 acres |

Interested parties may refer to **https://www.ilfsindia.com/asset-divestment.html** for details in relation to the opportunity, teaser, the prescribed format of the non-disclosure undertaking, submission details, submission dates (including changes in submission date, if any) and other terms and conditions.

Applicants fulfilling the eligibility criteria should duly submit the executed non-disclosure undertaking, **latest by 6 PM (IST) on November 29, 2024** and thereafter, can submit their acquisition bids for Land Parcel (s), being offered on an *'as is where is'* basis and *'as is what is'* basis for one or more of the aforementioned Land Parcel(s) (**"Potential Transaction") latest by 6 PM (IST) on December 13, 2024**.

Consummation of the Potential Transaction is subject to necessary internal and external approvals. IL&FS Group reserves the right to suspend, modify or terminate the Potential Transaction and/or its process at any time without providing any reasons or incurring any liability whatsoever to any party.

**CONTACT DETAILS:**

**Punit Bhatt: 9773527857 • Email id – properties@ilfsindia.com**
**Date : October 18, 2024**








